दिल्ली पुलिस समाचार

अंक-128 मई-जून, 2019 पंजी० सं० आर-43037/85 दिल्ली पुलिस की घरेलू पत्रिका



21 जून 2019, त्यागराज स्टेडियम

योगाभ्यास हमें तनाव से मुक्ति तथा चुनौतियों से निपटने के लिए आंतरिक शक्ति प्रदान करता है : श्री अमूल्य पटनायक, पुलिस आयुक्त

दिल्ली पुलिस के सभी अधिकारी एवं कर्मी बधाई के पात्र हैं जिन्होंने अपने निरंतर परिश्रम और सूझबूझ से 17वीं लोकसभा के लिए हुए चुनावों के दौरान 12 मई को दिल्ली में सम्पन्न हुए मतदान और 23 मई को 7 मतगणना केंद्रों पर मतगणना के दौरान जुटी अपार भीड़ को कुशलतापूर्वक नियंत्रित करने तथा पूरी दिल्ली में बेहतर कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने में सफलता अर्जित की। समस्त दिल्ली पुलिस व हमारे सहयोगी पुलिस बलों के लिए यह संतुष्टि का विषय है कि दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में राजनीतिक पार्टियों द्वारा सुबह से लेकर देर रात तक आयोजित की गई नुक्कड़ सभाओं, जनसभाओं, रोड शो और रैलियों के दौरान कोई अप्रिय घटना या शांति भंग होने की घटना नहीं होने दी गई। इसके साथ ही 23 मई को चुनाव परिणामों के बाद आयोजित हुए विजयोत्सव समारोह के दौरान भी आपने बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुख्ता सुरक्षा इंतजाम किये। निःसंदेह इस शानदार सफलता का श्रेय आपके द्वारा किये गये कड़े सुरक्षा प्रबंधों, निष्पक्षता व पारदर्शिता से की गई आपकी ड्यूटी को जाता है।

गत 21 जून को सम्पूर्ण विश्व में पांचवा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया और इसी श्रृखंला में दिल्ली पुलिस की सभी जिला/यूनिटों में भी योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित हुए। मैने कई मौकों पर दोहराया है कि हर पुलिस अधिकारी और कर्मी को अपनी दिनचर्या में योगाभ्यास को जरूर शामिल करना चाहिए ताकि तनाव व थकान मुक्त रहते हुए आप अपनी ड्यूटी का विधिवत् निष्पादन कर दिल्ली के नागरिकों की सेवा कर सकें। जैसा कि आप जानते है कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन निवास करता है अतः निरंतर योगाभ्यास हमें तनाव से मुक्ति तथा चुनौतियों से निपटने के लिए आंतरिक शक्ति प्रदान करता है।

साथियो, राजधानी दिल्ली में बेहतर कानून–व्यवस्था स्थापित करने के साथ–साथ समाज में आपसी सौहार्द, साम्प्रदायिक सद्भावना और सामाजिक समरसता बनाए रखना भी पुलिस का अहम कर्तव्य होता है। इसीलिए हमारी कार्यशैली ऐसी होनी चाहिए कि उसका आम जनता पर सकारात्मक प्रभाव पड़े। किसी भी पुलिसकर्मी को ऐसा कोई कृत्य नहीं करना चाहिए जिससे समस्त विभाग की छवि धूमिल हो। हमें ऐसे भी कार्यो को गंभीरतापूर्वक करना चाहिए जो पुलिस के मानवीय चेहरे को जनता के समक्ष लाए और पुलिस की छवि को सकारात्मक बनाने में अहम भूमिका निभा सके। यानि पुलिस को रूटीन ड्यूटी से हट कर ऐसे कामों को भी अंजाम देना चाहिए जिससे हमें जनता का सम्मान प्राप्त हो। कई ऐसे उदाहरण पिछले दिनों देखने को मिले जब हमारे कई साथियों ने किसी सड़क दुर्घटना में घायल को ड्यूटी पर ना रहते हुए भी तत्काल अस्पताल पहुँचाया, घर और होटल में आग से घिरे लोगों को सकुशल बाहर निकाला, आत्महत्या का प्रयास कर रही महिला को बचाया, विदेशी नागरिक की समय पर मदद कर उसका सामान वापिस दिलाया, जलती कार से सवारियों को सुरक्षित बाहर निकाला, सड़क पर बेहोश पड़े युवक को कृत्रित सांस देकर बचाया, संदिग्ध हालात में घूमते हुए बच्चों को उनके परिजनों से मिलाया, यानि ऐसे बहुत से उदाहरण रहे है जो निःसंदेह पुलिस की प्रतिष्ठा बढ़ाने में सहायक रहे है।

साथियों जैसा कि आप सभी जानते है कि आने वाले त्यौहारों और राष्ट्रीय पर्व को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से यह समय हमारे लिए काफी संवेदनशील व चुनौतीपूर्ण होगा। ईद–उल–अज़हा, रक्षाबंधन व जन्माष्टमी जैसे पर्वो के साथ–साथ स्वतंत्रता दिवस के पुख्ता सुरक्षा प्रबंध किसी कसौटी से कम नहीं होंगे। इस मौके पर हमें अपने स्थानीय गुप्तचर तंत्र और जनसहयोग को बढ़ाने पर जोर देते हुए अपने दायित्वों को सफलतापूर्वक निभाना चाहिए ताकि जनता की नजरों में अपनी सम्मानजनक छवि स्थापित करें।



दिल्ली में बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा की अपनी प्रतिबद्धता की कसौटी पर खरा उतरने के लिए हम निरंतर प्रयासरत रहते हैं। निरंतर चलने वाली इस प्रक्रिया में हम सफल भी रहते है तो कई बार असफल भी हो जाते है। यदि हमें कभी भी कहीं पर अपनी असफलता का अहसास हो तो उस समय हतोत्साहित ना हों, बल्कि अधिक दृढ़ता और निष्ठा के साथ यह सुनिश्चित करें कि ऐसी किसी त्रुटि की पुनरावृत्ति ना हो जिससे हमारी कार्यशैली या आचार व्यवहार पर अंगुली उठे। हमें सम्पूर्णता की अपेक्षा सफलता पर ज्यादा विश्वास करना चाहिए। इसके साथ ही मैं कहना चाहूँगा कि ग्रीष्मावकाश व अन्य अवसरों पर आयोजित होने वाले आत्मरक्षा प्रशिक्षण एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता से जुड़े शिविरों की सफलता एवं उनकी सार्थकता के प्रति भी हम सदैव संवेदनशील और गंभीर रहें।

मेरे विचार से पुलिसकर्मियों को रोजमर्रा की शिकायतों में बहुत सी ऐसी छोटी–छोटी शिकायते भी मिलती है जिन्हें एक व्यवहार कुशल पुलिसकर्मी अपनी शालीनता, उचित मार्गदर्शन व तत्काल शिकायत दर्ज कर न केवल शिकायतकर्ता को संतुष्ट कर सकता है बल्कि उसका व अपना बहुमूल्य समय भी बचा सकता है। उदाहरण स्वरूप पड़ोसियों के बीच मामूली बात को लेकर विवाद हो जाना, पारिवारिक विवाद हो जाना, सड़क पर वाहनों का परस्पर टच हो जाना, घरेलू सामान या पर्स चोरी हो जाना, आवेश में आकर घर छोड़ देना या किसी एक की गलती से सड़क जाम हो जाने पर पुलिस में रिपोर्ट करना। ऐसे समय में नागरिकों की पुलिस से अपेक्षा होती है कि वह उनकी शिकायत को इत्मीनान से सुने और समय पर रिपोर्ट लिखे। प्रतिदिन समाज में होने वाली ऐसी छुट–पुट घटनाएँ ही जनसाधारण के बीच पुलिस की सकारात्मक व नकारात्मक छवि स्थापित करने में अहम भूमिका निभाती है।

शारीरिक व मानसिक ऊर्जा का मुख्य स्रोत है योग...

सितंबर 2014 में **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी** ने यूएन में 21 जून का दिन **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस** के रूप में मनाने का आह्वान किया था। यूएन में भारत के इस प्रस्ताव का 177 देशों ने समर्थन किया और यूएन ने 21 जून के दिन को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में अपनी मान्यता दी। आज माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की इस जनकल्याण से जुड़ी पहल को दुनिया के अधिकांश देशों ने आत्मसात किया है।

21 जून, 2019 को पाँचवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर दिल्ली पुलिस की विभिन्न जिला/यूनिटों में योग कार्यक्रम आयोजित हुए। त्यागराज स्टेडियम में पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक सहित लगभग 3000 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों ने योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग लिया। विशाल स्तर पर आयोजित इस योग कार्यक्रम की झलक देखते ही बनती थी। इस मौके पर पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने कहा कि दिल्ली जैसे महानगर की भाग–दौड भरी जिंदगी को संतुलित और तनाव रहित बनाने में योग व ध्यान बहुत उपयोगी हैं इसीलिए हमें अपनी दिनचर्या में योग को अवश्य शामिल करना चाहिए ताकि हम स्वस्थ शरीर व मन के साथ नागरिकों की सेवा कर सकें।

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में इंसान के जीवन में सरलता व संतुलन बनाए रखने में योग का अभूतपूर्व योगदान हो सकता है। योग पद्धति हमारी जीवनचर्या का एक अहम हिस्सा है जिससे हम न केवल मानसिक शांति व शारीरिक ऊर्जा प्राप्त करते हैं बल्कि तनाव से मुक्ति का भी यह मुख्य मार्ग है। निरंतर योग जहाँ एकाग्रता को बढ़ाता है वहीं दूसरी तरफ हमारा आत्मबल भी बढ़ाता है। एक पुलिस अधिकारी या कर्मी का सामान्य जीवन एक आम नागरिक की अपेक्षा अधिक चुनौतीपूर्ण होता है इसीलिए एक पुलिसकर्मी को मानसिक व शारीरिक रूप से तंदुरुस्त रहने के लिए अपनी दिनचर्या में यौगिक क्रियाओं और शारीरिक अभ्यास को जरूर शामिल करना चाहिए। शारीरिक व मानसिक तौर पर स्वस्थ अधिकारी तनावमुक्त रहते हुए अपने कर्त्तव्य को बेहतर ढंग से निभा सकता है इसीलिए नियमित करें योग–रहें निरोग।





21 जून को त्यागराज स्टेडियम में योगिक क्रियाएं करते हुए वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मी







योगिक क्रियाएं करते हुए अधिकारीगण एवं कर्मी



पीटीसी, झाडौदा कलां में योग करते प्रशिक्षणार्थी

साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए ट्रिपलआईटी दिल्ली व दिल्ली पुलिस ने मिलकर सेंटर फॉर टेक्नोलॉजी एंड पुलिसिंग की स्थापना की

24 जून, 2019 को उपराज्यपाल निवास पर हुई एक अहम बैठक में इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नालॉजी, दिल्ली (आईआईआईटी) व दिल्ली पुलिस के बीच साइबर अपराध पर अंकुश लगाने की दिशा में काम करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर हुए। इस साझा पहल के तहत **'सेंटर फॉर टेक्नोलॉजी एंड पुलिसिंग'** की स्थापना की गई जिसके तहत दोनों विभाग मिलकर साइबर अपराध पर अंकुश लगाने की दिशा में काम करेंगे।

इस अवसर पर **उपराज्यपाल माननीय श्री अनिल बैजल, ट्रिपलआईटी दिल्ली के रजिस्ट्रार डॉ॰ अशोक कुमार सोलंकी** एवं **निदेशक प्रो॰ रंजन बासु, पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक एवं अतिरिक्त आयुक्त पुलिस श्री प्रेमनाथ** उपस्थित थे। 'सेंटर फॉर टेक्नोलॉजी एंड पुलिसिंग' विंग की स्थापना होने पर दिल्ली में कानून–व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पुलिस प्रशासन, खुफिया जानकारी और नागरिक सेवाओं में तकनीकी साधनों का सही उपयोग करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही पुलिस की क्षमता निर्माण एवं कौशल को बढ़ाने के लिए तकनीकी समाधानों को शामिल किया जाएगा।

इस मौके पर **उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल** ने बैठक में उपस्थित दिल्ली पुलिस व आइआइआईटी के अधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए



राजनिवास पर आयोजित बैठक में समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर करते हुए अति. आ. पुलिस श्री प्रेमनाथ एवं ट्रिप्ल आईटी के निदेशक प्रो. रंजन बासु

कहा कि यह साझा पहल साइबर अपराधियों पर शिकंजा कसने में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस अपनी क्षमताओं और नई तकनीक के साथ नागरिकों की सेवा में निरंतर कुशलता के साथ काम कर रही है और आज के दौर में साइबर अपराध को अंजाम देने के लिए अपराधी अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर रहे है जिससे निपटने के लिए यह साझा प्रणाली प्रभावी भूमिका निभाएगी।

सिविल सर्विस परीक्षा में चयनित हुए पुलिसकर्मियों के बच्चों की पुलिस आयुक्त से शिष्टाचार भेंट







इस वर्ष संघ लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित सिविल सर्विस परीक्षा में चयनित होने वाली पुलिस परिवार से जुड़ी तीन बेटियों ने पुलिस मुख्यालय में पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक से शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर उनके अभिभावक एवं भाई–बहन भी उनके साथ उपस्थित रहे। सुश्री नमिता शर्मा (145वां स्थान) सुपुत्री एएसआई चरण सिंह (लाइसेंसिंग शाखा), सुश्री पूजा गुप्ता (147वां स्थान) सुपुत्री एएसआई श्रीमती रेखा गुप्ता (पीसीआर) तथा सुश्री कनिष्का सिंह (416वां स्थान) सुपुत्री इंस्पेक्टर भूपसिंह (पश्चिमी जिला) से मुलाकात के दौरान पुलिस आयुक्त महोदय ने तीनों मेधावी लड़कियां एवं उनके अभिभावकों को शानदार सफलता पर बधाई दी। शिष्टाचार मुलाकात के उपरांत पुलिस आयुक्त महोदय ने उन्हें स्मृति चिन्ह् भेंट करते हुए उनके उज्ज्वल एवं सफल कैरियर के लिए शुभकामनाएँ दीं।

शपथ





हम भारतवासी अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास रखते हैं तथा निष्ठापूर्वक शपथ लेते हैं कि हम सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। हम मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की भी शपथ लेते हैं।

पुलिस आयुक्त ने ग्रीष्मकालीन सड़क सुरक्षा जागरुकता शिविर का शुभारंभ किया

31 मई, 2019 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने बाबा खड़क सिंह मार्ग स्थित ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क में चलने वाले दो सप्ताह के सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री ताज हसन, श्री आर.एस. कृष्णैया, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री आनंद मोहन, श्री के. जगदीशन, श्रीमती मीनू चौधरी व निरीक्षक श्रीमती मंजू सिंह** सहित काफी संख्या में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद थे। पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चे समाज के एक अच्छे संदेशवाहक व श्रेष्ठ साधन होते हैं एवं समाज में वे जैसा देखते हैं वैसा ही सीखते हैं और अच्छी आदतों को न केवल स्वयं आत्मसात् करते हैं बल्कि अभिभावकों को भी प्रेरित करते हैं। इसीलिए प्रारंभिक अवस्था से ही यदि बच्चों को अच्छी आदतों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया जाए तो निःसंदेह मजबूत राष्ट्र निर्माण में उनकी भी भागीदारी सुनिश्चित की जा सकती है और साथ ही सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगाया जा सकता है। दिल्ली यातायात पुलिस हर वर्ष ग्रीष्मावकाश के दौरान बाबा खड़क सिंह मार्ग, बाल भवन, पंजाबी बाग, रोशनआरा बाग, देव समाज स्कूल व नेहरू नगर में स्थित यातायात प्रशिक्षण पार्कों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाती है और स्कूली बच्चों को निःशुल्क यातायात नियमों के प्रति जागरूक करती है। दिल्ली यातायात पुलिस द्वारा इन ग्रीष्मकालीन शिविरों में बच्चों को मैनुअल ड्रिल, यातायात नियमों की शिक्षा, सड़क सुरक्षा मापदंड, सड़क संकेत, संकेत चिन्ह, आपदा प्रबंधन तकनीक, आत्मरक्षा तकनीक व प्राथमिक चिकित्सा कौशल आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है। हमारी इस मुहिम में आईजीएल, होंडा मोटर साइकिल एंड स्कूटर इंडिया लिमिटेड, हीरो मोटोकॉर्प, सोसाइटी ऑफ इंडिया ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स और सिनर्जी एनजीओ भी सहयोगी हैं। इन ग्रीष्मकालीन शिविरों में भाग लेने वाले बच्चों को बैग, सड़क सुरक्षा बुकलेट, टी–शर्ट, कैप्स तथा नाश्ता आदि भी निःशुल्क दिये जाते हैं।



कार्यक्रम के दौरान मंच पर आसीन पुलिस आयुक्त एवं अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण



सड़क सुरक्षा शिविर का जायजा लेते हुए पुलिस आयुक्त





शिविर के प्रायोजकों एवं बच्चों के साथ पुलिस आयुक्त एवं अधिकारीगण

बच्चों की सुरक्षा को लेकर फिक्रमंद दिल्ली पुलिस





10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले दिल्ली पुलिस पब्लिक स्कूलों के 23 मेधावी छात्र/छात्राओं को पुलिस मुख्यालय में पुलिस आयुक्त ने सम्मानित किया



कांफ्रेंस हॉल में स्कूली बच्चों से परिचर्चा करते हुए पुलिस आयुक्त



दिल्ली पुलिस पब्लिक स्कूलों की प्रधानाचार्या एवं शिक्षिकाएँ पुलिस आयुक्त के साथ

14 मई, 2019 को पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने सफदरजंग एन्कलेव एवं न्यू पुलिस लाईन स्थित दिल्ली पुलिस पब्लिक स्कूलों की 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र/छात्राओं को प्रशंसा पत्र दिये और भविष्य के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर दिल्ली पुलिस पब्लिक स्कूल की हेड ऑफ स्कूल सुश्री रूबि मल्होत्रा, पुलिस फाउंडेशन फॉर एजुकेशन के सचिव (संयुक्त पुलिस आयुक्त) श्री देवेश श्रीवास्तव, स्कूल प्रबंधक (उपायुक्त पुलिस) श्रीमती बेनिटा मेरी जैकर, दोनों स्कूलों की अध्यापिकाएँ, पुरस्कृत होने वाली मेधावी छात्र/छात्राऐं व वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। इस मौके पर पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने उपस्थित मेधावी छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपने जिस ईमानदारी और लगन के साथ अपनी पढ़ाई की और बेहतरीन अंक प्राप्त किये उसके लिए मैं आप सबको बधाई देता हूँ और सबके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। साथ ही उन्होंने पुलिस फाउंडेशन फॉर एजुकेशन द्वारा संचालित दोनों स्कूलों की प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों द्वारा दिये गये बेहतरीन शिक्षण की भी सराहना की।



मेधावी छात्रों को प्रशंसा पत्र देते हुए पुलिस आयुक्त

नार्थ–ईस्ट डिस्ट्रिक्ट ओपन शूटिंग चैम्पियनशिप –2019 में पुलिस परिवारों से जुड़े बच्चों का शानदार प्रदर्शन

पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक द्वारा खिलाड़ियों को हर संभव मदद का आश्वासन

पुलिस परिवार कल्याण समिति की खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने में अहम् भूमिका





3 मई, 2019 को नार्थ–ईस्ट डिस्ट्रिक्ट ओपन शूटिंग चैम्पियनशिप –2019 में शानदार प्रदर्शन करने वाले 25 निशानेबाज खिलाड़ियों ने **पुलिस आयुक्त** से भेंट की। इस मौके पर **संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री देवेश श्रीवास्तव, दिल्ली शूटिंग एसोसिएशन** के वाईस प्रेसीडेंट व **मीडिया प्रभारी श्री सत्येन्द्र त्रिपाठी** व **संयोजक श्री फलक शेर आलम** तथा पुलिस परिवार कल्याण समिति की **शूटिंग कोच श्रीमती आयशा फलक** भी मौजूद थे। पुलिस आयुक्त ने सभी खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए आश्वासन दिया कि किसी भी खिलाड़ी को खेल संबंधी किसी भी प्रकार की जरूरत हो तो निःसंकोच साझा करें, दिल्ली पुलिस यथासंभव इन खिलाड़ियों की मदद करेगी।

पुलिस परिवार कल्याण समिति (PFWS) द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर के समापन समारोह की एक झलक



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक



9 जून, 2019 को नई दिल्ली जिला स्थित अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में पुलिस परिवार कल्याण समिति द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ–साथ समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक, वरिष्ठ पदाधिकारी श्रीमती ज्योति चहल एवं वरिष्ठ पदाधिकारीगण उपस्थित थी। समिति ने 27 मई से 8 जून तक दिल्ली के विभिन्न जिलों में संचालित 10 कल्याण केंद्रों व 4 उप–केंद्रों में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जिसमें दिल्ली पुलिस परिवारों से जुड़े 4 वर्ष से लेकर 60 वर्ष तक के सदस्यों ने भाग लिया। समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा योग, आत्मरक्षा, लोक नृत्य, खेल, कव्वाली और जुंबा का शानदार प्रदर्शन किया गया। फैशन शो कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत कैटवॉक का उपस्थित दर्शकों ने लुत्फ उठाया तथा तालियों के साथ सराहना भी की। मुख्य अतिथि श्री अमूल्य पटनायक ने समिति द्वारा किये गये कल्याणार्थ कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे रचनात्मक कार्यो से पुलिस कॉलोनियों में पुलिस परिवारों से जुड़े सदस्यों और बच्चों के बीच सामंजस्य, परस्पर सक्रियता और समग्र वातावरण का माहौल बनता है। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक लाने वाले 11 विजेताओं को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित भी किया। समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक ने समिति की अपनी सहयोगी पदाधिकारियों द्वारा निःस्वार्थ भाव से किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि समिति पुलिस परिवारों के सदस्यों एवं बच्चों का मनोबल बढ़ाने की दिशा में लगातार निष्ठा के साथ काम करती रहेगी। समिति ने स्पोर्टस अथॉरिटी ऑफ इंडिया, ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन व करणी सिंह शूटिंग रेंज के सहयोग से दो सप्ताह तक चले इस ग्रीष्मकालीन शिविर को सुगम बनाया।





सामूहिक नृत्य प्रस्तुत करते हुए पुलिस परिवार की महिलाएं





कैट वॉक करते हुए





सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए नौनिहाल



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए नौनिहाल



पुलिस आयुक्त, समिति की अध्यक्षा, समिति की पदाधिकारीगण व शिविर में भाग लेने वाले बच्चों का सामूहिक चित्र



कव्वाली प्रस्तुत करते हुए

ग्रीष्मावकाश के दौरान पुलिस परिवार कल्याण समिति द्वारा आयोजित कार्यशालायें





6 जून, 2019 को पुलिस कॉलोनी, आहता किदारा स्थित वेलफेयर सेंटर में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं और बच्चों को नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया गया। ''शिविर के दौरान बच्चों को अहसास कराया गया कि ''आपको अपने भीतर वो जगह खोजनी होगी जहां कुछ भी असंभव नही है''।









27 से 8 जून के बीच पुलिस कॉलोनी जगत पुरी स्थित वेलफेयर सेंटर में आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर में पुलिस परिवारों की महिलाओं और बच्चों को योगा, एरोबिक्स, आर्ट एंड क्राफ्ट, कूक्कीज़, सेल्फडिफेंस व ग्रूमिंग का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान कई अनुभवी एवं प्रशिक्षित प्रशिक्षकों की मदद ली गई।





27 से 8 जून के बीच पुलिस कॉलोनी मालवीय नगर स्थित वेलफेयर सेंटर में आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर में पुलिस परिवारों की महिलाओं और बच्चों को अनुभवी एवं प्रशिक्षित प्रशिक्षकों की मदद से योगा, एरोबिक्स, आर्ट एंड क्राफ्ट, कूक्कीज़, सेल्फडिफेंस व ग्रूमिंग का प्रशिक्षण दिया गया।

पुलिस परिवारों से जुड़े बच्चों की मिशन ओलंपिक – 2020 के लिए तैयारियाँ





पुलिस परिवार कल्याण समिति ने मिशन ओलपिंक 2020 के तहत चल रही तैयारियों के मद्देनज़र नई पुलिस लाईन, किंग्जवे कैंप में निशानेबाजी का प्रशिक्षण दिया गया। दिल्ली शूटिंग एसोसिएशन के संयोजक श्री फलक शेर आलम एवं शूटिंग टीम की कोच श्रीमती आयशा फलक ने अपनी टीम के साथ बच्चों को निशानेबाजी के गुर सिखाये।









पुलिस परिवार कल्याण समिति द्वारा ''मिशन ओलपिंक 2020'' के तहत चलाये जा रहे कार्यक्रम के तहत ग्रीष्मकालीन शिविर में 22 मई, 2019 को नई पुलिस लाइन स्थित वेलफेयर सेंटर में कबड्डी का अभ्यास कराया गया।





31 मई 2019 को नई पुलिस लाईन मैदान में ''मिशन ओलंपिक 2020'' के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों के अभ्यास सत्र की समाप्ति पर समापन समारोह आयोजित किया। इस मौके पर समिति की वरिष्ठ पदाधिकारीगण और अनुभवी प्रशिक्षक व युवा प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त ने फरवरी व मार्च माह के 12 सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर्स को सम्मानित किया

17 मई, 2019 को पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने विभिन्न परिक्षेत्रों के 12 सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर्स को पुलिस डयूटी के दौरान उनकी उल्लेखनीय सेवाओं और अमूल्य सहयोग के लिए प्रशंसा पत्र एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

फरवरी माह के सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर्स में शामिल हैः एएसआई नरेश कुमार (थाना पंजाबी बाग, पश्चिमी परिक्षेत्र), फरवरी माह के दिल्ली के सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर, हेडकां0 संदीप कुमार (थाना बुराड़ी, मध्य परिक्षेत्र), हेडकां0 मंजीत (थाना बवाना, उत्तरी परिक्षेत्र), हेडकां0 जगदीश प्रसाद (थाना सी.आर.पार्क, दक्षिणी परिक्षेत्र), कां0 गौरव (थाना लक्ष्मी नगर, पूर्वी परिक्षेत्र) तथा कां0 राजेन्द्र (थाना कनाट प्लेस, नई दिल्ली परिक्षेत्र)।

मार्च माह के सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर्स में शामिल हैंः एएसआई चन्दर पाल (थाना बुराड़ी, मध्य परिक्षेत्र) मार्च माह के दिल्ली के सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर, का0 जयवीर सिंह (थाना सीलमपुर, पूर्वी परिक्षेत्र), कां0 दीपक (थाना बवाना, उत्तरी परिक्षेत्र), कां0 गिरीराज प्रसाद मीणा (थाना द्वारका उत्तरी, पश्चिमी परिक्षेत्र), हेडकां0 रामकिशन (थाना बदरपुर, दक्षिणी परिक्षेत्र) तथा कां0 योगेश कुमार (थाना साउथ कैंप्स, नई दिल्ली परिक्षेत्र)



एएसआई नरेश कुमार (थाना पंजाबी बाग)



हेड कां. संदीप कुमार (थाना बुराड़ी)



हेड कां. मंजीत (थाना बवाना)



हेड कां. जगदीश प्रसाद (थाना सी.आर. पार्क)



कां. गौरव (थाना लक्ष्मी नगर)



कां. राजेन्द्र (थाना कनॉट प्लेस)



एएसआई चन्दर पाल सिंह (थाना बुराड़ी)



कां. जयवीर सिंह (थाना सीलमपुर)



कां. दीपक (थाना बवाना)

फोटो : रोज़र जोसफ



कां. गिरिराज प्रसाद मीणा (थाना द्वारका)



हेड कां. रामकिशन (थाना बदरपुर)



कां. योगेश कुमार (थाना साउथ कैंपस)

पुलिस आयुक्त द्वारा ग्रेटर कैलाश थाने की नई बिल्डिंग व आवासीय क्वार्टरों का उद्घाटन



ग्रेटर कैलाश थाने की नव निर्मित इमारत


कार्यक्रम के शुभारंभ के मौके पर मंत्रोच्चारण करते हुए पुलिस आयुक्त

पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने 4 जून, 2019 को दक्षिणी जिला के थाना ग्रेटर कैलाश थाने की नई बिल्डिंग और 24 आवासीय क्वार्टरों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री राजेश मलिक, श्री एस.नित्यानंदम, श्री आर.एस.कृष्णैया, श्री पी.के. भारद्वाज, श्री संदीप गोयल, श्री एस.के.गौतम, श्री संजय सिंह, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री देवेश श्रीवास्तव, उपायुक्त पुलिस श्री विजय सिंह व श्री एम.ए.रिजवी** सहित काफी संख्या में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, राइट्स के महाप्रबंधक श्री ए.के. मिश्रा, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक व मीडिया के सदस्य उपस्थित थे। इस मौके पर पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं क्षेत्रवासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि थाने की नई बिल्डिंग व आवासीय बिल्डिंग के निर्माण से इलाके में पुलिसिंग बेहतर होगी और हमारे पुलिसकर्मी अधिक उर्जा के साथ सशक्त तरीके से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने इस प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करने के लिए दिल्ली पुलिस की भूमि एवं भवन शाखा, दक्षिणी जिला के अधिकारियों और राइट्स की सराहना भी की। लगभग 7732 वर्गमीटर में 32 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली पुलिस स्टेशन व आवासीय परिसर की बिल्डिंग में सभी आधुनिक सुविधाएँ मुहैया कराई गई हैं। राइट्स द्वारा नवनिर्मित थाना बिल्डिंग में पब्लिक फेसिलिटेशन डेस्क, चिल्ड्रेन रूम, दिव्यांग अनुकूलित आवागमन मार्ग, जिम, मेस, फायर सेफ्टी सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे, कॉंफ्रेंस हॉल जैसी मूलभूत सुविधाएँ शामिल हैं।



नव निर्मित बिल्डिंग की पट्टिका का अनावरण करते हुए पुलिस आयुक्त



कार्यक्रम के दौरान मंच पर आसीन वरिष्ठ अधिकारीगण

सुरक्षा–व्यवस्था का जायजा लेने पुलिस आयुक्त एवं वरिष्ठ अधिकारी रात्रि गश्त पर निकले


रात्रि गश्त के दौरान पुलिस आयुक्त एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण



28/29 जून की रात्रि **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** सुरक्षा–व्यवस्था का जायजा लेने रात्रि जनरल गश्त पर निकले और गश्त कर रहे पुलिसकर्मियों तथा पिकेटों पर तैनात स्टाफ से मिले। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री आर.एस.कृष्णैया, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री देवेश श्रीवास्तव, उपायुक्त पुलिस श्री मधुर वर्मा, अतिरिक्त जनसम्पर्क अधिकारी श्री अनिल कुमार** भी उनके साथ थे। इसके साथ ही **विशेष पुलिस आयुक्त श्री संदीप गोयल** सहित सभी परिक्षेत्रों एवं जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भी अपने–अपने इलाके में रात्रि गश्त की। जनरल गश्त या रात्रि गश्त दिल्ली पुलिस की निरंतर चलने वाली एक सामान्य प्रक्रिया है जिसमें पुलिस आयुक्त सहित सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अलग–अलग टीमों मे अपने–अपने इलाके में रात्रि गश्त करते है। वैसे हर रात एक राजपत्रित अधिकारी (Night GO's) को एक वरीय अधिकारी के मार्गदर्शन में सामान्य गश्त का जायजा लेने के लिए अलग से तैनात किया जाता है। पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा रात्रि गश्त किये जाने के दौरान लगभग 6000 पुलिसकर्मियों ने 600 पिकेट पर लगाम संभाली साथ ही इस दौरान स्थानीय पुलिस, यातायात पुलिस व पीसीआर स्टाफ ने भी इंटीग्रेटेड पिकेटिंग योजना को अंजाम दिया। इस दौरान लगभग 16000 वाहनों की जाँच की तथा लगभग 3000 संदिग्ध लोगों से पूछताछ की साथ ही 185 लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की गई। पुलिस आयुक्त ने असुरक्षित एवं संवेदनशील इलाकों का दौरा करने के साथ–साथ रात्रि गश्त कर रहे सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों की हौसला अफ़जाई करते हुए कहा कि रात्रि गश्त के दौरान अतिरिक्त सावधानी बरतने व परस्पर सम्पर्क में रहने की ज्यादा जरूरत होती है।

अच्छी तफ्तीश

दर्जनभर संगीन वारदातों में शामिल बदमाश को जवाबी फायरिंग के बाद दबोचने वाली पुलिस टीम पुलिस आयुक्त द्वारा सम्मानित



14 जून, 2019 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने लगभग 12 संगीन वारदातों में संलिप्त बदमाश को उसकी महिला मित्र सहित जवाबी फायरिंग के बाद धर–दबोचने वाली उत्तर–पश्चिमी जिला के थाना नेताजी सुभाष प्लेस की एक टीम को पुलिस मुख्यालय में बुलाकर शाबाशी दी और उनके साहसिक कार्य को सराहा। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री संदीप गोयल, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री मनीष अग्रवाल, उपायुक्त पुलिस श्रीमती विजयंता आर्य, अति. उपायुक्त पुलिस भीष्म सिंह, एसीपी श्री के.जी.त्यागी, इंस्पेक्टर सतीश कुमार, एसआई हिमांशू** तथा **हेडकां0 सुमित** मौजूद थे। 12/13 जून की रात श्रीकांत उर्फ अप्पू नामक बदमाश ने अपनी महिला मित्र के साथ हथियार के बल एक बुलेट मोटरसाइकिल लूटी और उसी बुलेट पर सवार होकर झपटमारी की एक अन्य वारदात को अंजाम दे डाला। दोनों वारदातों की जानकारी मिलने पर रात्रि गश्त पर तैनात एसआई हिमांशू और हेडकां0 सुमित ने जब इस बदमाश का पीछा किया तो उसने पुलिसकर्मियों पर फायरिंग करते हुए भागने का असफल प्रयास किया। आत्मसमर्पण की चेतावनी मिलने के बावजूद भी पुलिस टीम पर फायरिंग का प्रयास कर रहे बदमाश पर हेडकां0 सुमित ने आत्मरक्षा में गोली चलाई जो बदमाश के पैर में जा लगी। पुलिस टीम घायल बदमाश को भगवान महावीर अस्पताल में भर्ती कराया और मौके से फरार हुई महिला मित्र को भी बाद में हिरासत में ले लिया।

संगीन वारदातों में संलिप्त अंतर्राज्यीय वांछित व ईनामी बदमाश जुबेर अपनी पत्नी व सहयोगी बदमाश सहित पुलिस शिकंजे में



पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने 3 मई, 2019 को दक्षिण–पूर्वी जिला के न्यू फ्रेंडस कॉलोनी थाने की टीम में सम्मिलित **एसआई विष्णु दत्त, एएसआई नीरज कुमार, कां0 बिजेन्द्र व कां0 कुलदीप यादव ने एसीपी श्री जगदीश यादव व इंस्पेक्टर राजेश कुमार मिश्रा** के नेतृत्व में कई संगीन वारदातों में संलिप्त वांछित एवं ईनामी बदमाश जुबेर व उसके साथियों को गिरफ्तार कर लगभग 13 आपराधिक मामले सुलझाने पर शाबाशी देते हुए इसी तरह उत्साह व निष्ठा के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री आर.एस. कृष्णैया, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री देवेश श्रीवास्तव, उपायुक्त पुलिस श्री चिन्मय बिस्वाल, अतिरिक्त उपायुक्त पुलिस श्री कुमार ज्ञानेश** भी उपस्थित थे। बदमाश जुबेर जिसकी गिरफ्तारी पर यूपी पुलिस ने 20 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया हुआ था, ने अपनी पत्नी हुदा के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर 5 मार्च, 2019 को न्यू फ्रेंडस कॉलोनी इलाके में एक महिला से लगभग 1,35 लाख रूपये लूट लिये थे। शिकायत करने पर पुलिस टीम को जांच के दौरान ज्ञात हुआ कि वारदात में अलीगढ़ का बदमाश जुबेर व उसकी पत्नी हुद्दा शामिल है। पुलिस टीम ने 18.04.19 को जाकिर नगर, जामिया नगर से जुबेर को जबकि उसकी पत्नी हुद्दा को छतरपुर इलाके से गिरफ्तार किया। मामले की छानबीन के दौरान 24.04.19 को पता चला कि बदमाश जुबेर का साथी बदमाश अदनान सैयद नगर, अलीगढ़ में छिपा हुआ है। पुलिस ने अलीगढ़ में छापा मार कर जब उसे दबोचने का प्रयास किया तो उसने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर भागने का असफल प्रयास किया। समर्पित एवं निष्ठावान पुलिसकर्मियों ने अपनी जान की परवाह किये बिना इस बदमाश को दबोचते हुए उसके कब्जे से पिस्टल व जिंदा कारतूस बरामद करने में शानदार सफलता अर्जित की तथा उसके खिलाफ थाना सिविल लाइन, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश में भी दो आपराधिक मामले दर्ज कराये।

करोड़ो रुपये के गहने चुराने वाले घरेलू सहायकों को गिरफ्तार करने वाली टीम की जांच को पुलिस आयुक्त ने सराहा



5 मई, 2019 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने दक्षिणी जिला के थाना हौजखास की एक पुलिस टीम में सम्मिलित **एसआई प्रवीण, हेडकां. संदीप तथा कां0 वेदप्रकाश** व **हिमांशू** ने **एसीपी श्री रजनीश, थानाध्यक्ष ओमप्रकाश लेखपाल, इंस्पेक्टर जितेन्द्र सिंह** के नेतृत्व में शानदार तफ्तीश और कड़ी मेहनत करते हुए इस संवेदनशील वारदात को सुलझाने पर बधाई दी। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री आर.एस.कृष्णैया, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री देवेश श्रीवास्तव, उपायुक्त पुलिस श्री विजय सिंह** भी उपस्थित थे। अप्रैल माह में पंचशील एन्कलेव निवासी श्री कपिराज सिंघानियाँ अपने किसी काम से दुबई गये थे और 3 मई को जब वापिस अपने निवास पहुंचे तो उन्होंने अपने तीनों घरेलू नौकरों को गायब पाया और घर में रखे करोड़ो रुपये मूल्य के जेवरात व अन्य कीमती सामान भी गायब पाया। मामला पुलिस टीम के संज्ञान में आने के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए इलेक्ट्रानिक सर्विलांस और सैकड़ों अन्य घरेलू सहायकों से पूछताछ के आधार पर तीनों घरेलू सहायकों के ठिकानों की जानकारी हासिल करने में कामयाबी प्राप्त की। बिना समय गंवाये पुलिस टीम ने पश्चिमी बंगाल व उत्तर प्रदेश पुलिस की मदद से न केवल तीनों को गिरफ्तार किया बल्कि चोरी का अधिकांश सामान बरामद करने में भी शानदार सफलता अर्जित की। पुलिस टीम की इस कर्तव्यनिष्ठा को क्षेत्रीय निवासियों व वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भी सराहा।

अच्छी कामयाबी

सेवानिवृत्त विंग कमांडर की पत्नी की संदिग्ध हत्या की गुत्थी सुलझाने वाली द्वारका जिले की पुलिस टीम सम्मानित



26 अप्रैल, 2019 को द्वारका इलाके के सैक्टर–7, में हुई सेवानिवृत्त विंग कमांडर की पत्नी मीनू जैन की सनसनीखेज हत्या के मामले को सुलझाने वाली द्वारका साउथ थाने और जिले के स्पेशल स्टाफ की टीम को पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने 3 मई, 2019 को अपने कार्यालय में बुलाया और मात्र 3 दिनों में वारदात का पर्दाफाश करने पर बधाई दी। इस मौके पर विशेष पुलिस आयुक्त श्री रणबीर सिंह कृष्णैया, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री मधुप तिवारी, उपायुक्त पुलिस श्री अंटो एल्फोंस के साथ–साथ टीम के सदस्य एसीपी श्री राजेन्द्र सिंह, इंस्पेक्टर रामनिवास, इंस्पेक्टर बलबीर सिंह, इंस्पेक्टर नवीन, इंस्पेक्टर सी.एल. मीणा, एसआई मुकेश, एसआई विकास, एसआई मंजीत, एसआई राकेश, एसआई अरविंद, एएसआइ उमेद, एएसआई राजेन्द्र, हेडकां0 दीपक, हेडकां0 राजकुमार, हेडकां0 अनिल,कां0 अश्वनी, कां0 जब्बर तथा कां0 पंकज उपस्थित थे। घटना की जानकारी मिलने के तुरंत बाद एसीपी श्री राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में द्वारका साउथ थाने और स्पेशल स्टाफ की टीम ने मामले की जांच शुरू तो पाया कि फ्लैट में दोस्ताना तरीके से प्रवेश करने के बाद वारदात को अंजाम दिया गया है और फ्लैट से लगभग 50 लाख रुपये मूल्य के जेवरात और मूल्यवार वस्तुएँ गायब है। पुलिस टीम फ्लैट के आसपास लगे सीसीटीवी की मदद से एक संदिग्ध स्विफ्ट कार का पता लगाने में कामयाब हुई और अपनी तफ्तीश को आगे बढ़ाते हुए आरोपी को जयपुर से गिरफ्तार करने के साथ–साथ घर से चुराया अधिकांश सामान बदामद करने में सफल हुई।

दिन दहाड़े व्यापारी की हत्या व लूट करने वाले बदमाशों को धर–दबोचने वाली टीम को पुलिस आयुक्त ने प्रोत्साहित किया



3 मई, 2019 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने थाना कीर्ति नगर इलाके में लोहा मंडी, नारायणा के एक व्यापारी श्री नरेश अग्रवाल से रेलवे अंडरपास कीर्ति नगर, इंडस्ट्रीयल एरिया के निकट पिस्टल की नोंक पर लूटपाट का प्रयास करने वाले खूंखार बदमाशों को हथियार सहित पकड़ने वाली पुलिस टीम को शाबाशी देते हुए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर विशेष पुलिस आयुक्त श्री रणबीर सिंह कृष्णैया, संयुक्त पुलिस आयुक्त मधुप तिवारी व उपायुक्त पुलिस श्रीमती मोनिका भारद्वाज के साथ–साथ टीम के सदस्य भी उपस्थित थे। 15 अप्रैल, 2019 को कीर्ति नगर थाने के एएसआई नरेश पाल, एएसआई सुनील कुमार, हेडकां0 दिग्विजय और कां0 अशोक मोटरसाइकिल से इलाके में गश्त कर रहे थे कि उन्होंने इलाके में गोली चलने की आवाज सुनी, वे तत्काल मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि कुछ बदमाश कार सवारों को गोली मार कर उनकी कार की डिग्गी खोल कर उसमें रखे 1.80 करोड़ रुपये लूटने का प्रयास कर रहे है। चारों पुलिसकर्मियों ने बदमाशों को ललकारा और देखा कि कार सवार व्यापारी नरेश अग्रवाल व उसका चालक घायल अवस्था में सड़क पर पड़े हैं। हेडकां0 दिग्विजय और कां0 अशोक कुमार ने एक बदमाश को उसकी मोटरसाइकिल सहित, जो मालवीय नगर इलाके से चुराई थी, दबोच लिया जबकि एएसआई नरेश पाल व एएसआई सुनील कुमार तत्काल घायलों को निकट के अस्पताल ले गये जहां व्यापारी नरेश अग्रवाल को मृत घोषित कर दिया जबकि घायल चालक बयान देने की स्थिति में नहीं था। एसीपी पंजाबी बाग श्री कुमार अभिषेक के नेतृत्व में थानाध्यक्ष कीर्ति नगर की टीम ने मौके से फरार बदमाशों को हरियाणा के नूह व दिल्ली के बुराड़ी इलाके से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त हथियार बरामद करने में शानदार कामयाबी हासिल की।

सेंधमारी के लिए घर में घुसे 2 कुख्यात सेंधमारों को दबोचने वाली पीसीआर की टीम पुलिस आयुक्त द्वारा सम्मानित



17 मई, 2019 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने पीसीआर की एक टीम को एएसआई भगवान सिंह, कां. सोमबीर, महिला कां0 मीनू तथा महिला कां0 रजनीश देवी को नकद पुरस्कार व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विशेष पुलिस आयुक्त श्री एस.के.गौतम, अतिरिक्त आयुक्त पुलिस श्री प्रेमनाथ, एसीपी श्री कमल सिंह व इंस्पेक्टर हंसराज भी मौजूद थे। 15 मई को दो कुख्यात बदमाश सेंधमारी की नीयत से अपने औजारों के साथ शालीमार बाग स्थित एक मकान में घुस गये थे। इस संबंध में 100 नं0 पर कॉल हुई तो पीसीआर वैन पर तैनात उपरोक्त स्टाफ तत्काल मौके पर पहुंचा और दोनों सेंधमारों को मौके से दबोच कर स्थानीय पुलिस के हवाले किया।

दक्षिणी जिला के स्पेशल स्टॉफ द्वारा अर्जित कई उपलब्धियों की पुलिस आयुक्त ने प्रशंसा की



17 मई, 2019 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने दक्षिणी जिला के स्पेशल स्टॉफ को उनके द्वारा अर्जित कई सफलताएं प्राप्त करने पर बधाई दी। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री आर.एस. कृष्णैया, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री देवेश श्रीवास्तव, उपायुक्त पुलिस विजय सिंह, अति. उपा. पुलिस श्री परविंदर सिंह, एसीपी श्री रजनीश व इंस्पेक्टर श्री पी.के. झा** के साथ–साथ स्पेशल स्टॉफ टीम के सदस्य उपस्थित थे। स्पेशल स्टॉफ ने हत्या की साजिश रचने वाले बदमाशों, फर्जी बिल बनाकर OLX पर बाईक बेचने वाले, गुलेल गैंग के सदस्यों का पर्दाफाश करने, चोरी करने व चोरी का सामान खरीदने वाले व ठकठक गैंग का पर्दाफाश करने में शानदार सफलता अर्जित की।

Police Image Build up करने में Media की भूमिका पर व्याख्यान



अति. जनसम्पर्क अधिकारी
श्री अनिल कुमार

6 जून, 2019 को पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र, वजीराबाद में प्रशिक्षणार्थियों को Police Image Build up करने में Media की भूमिका पर **अतिरिक्त जनसम्पर्क अधिकारी श्री अनिल कुमार** ने एक विस्तृत व्याख्यान दिया। प्रशिक्षणार्थियों को उन्होंने बताया कि समाज में पुलिस की मजबूत, विश्वसनीय, निष्पक्ष एवं ईमानदार छवि स्थापित करने में मीडिया की अहम भूमिका होती है। हालांकि दिल्ली पुलिस में एक स्थाई आदेश के माध्यम से मीडिया के साथ बातचीत करने के कुछ मापदंड स्थापित किये हुए हैं यानि कि जनसम्पर्क अधिकारी या अतिरिक्त जनसम्पर्क अधिकारी के साथ–साथ उपायुक्त पुलिस स्तर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मीडिया से बात करने के लिए अधिकृत हैं। अपने व्याख्यान में उन्होंने कहा कि सबसे पहले तो हमें यही समझना होगा कि Police Image है क्या? यानि आम जनता के मन में पुलिस के प्रति कैसी सोच है? और उसी सोच से पुलिस के प्रति negative या positive image create होती है। इसलिए हमें लोगों की सोच को सकारात्मक करना होगा। हमें लोगों की सोच के अनुरूप अपनी एक रक्षक व सहयोगी की भूमिका पर खरा उतरना होगा और दिल्ली पुलिस के आदर्श वाक्य (Motto) शांति–सेवा–न्याय के अनुरूप ही हमें इलाके में शांति व्यवस्था, लोगों की सेवा और न्याय पूर्वक काम करना होगा। उन्होंनें आगे कहा कि Positive Police Image तभी Build up या create होगी जब हम एक पीड़ित के स्थान पर स्वयं को खड़ा करके उसकी पीड़ा की अनुभूति करें और उस पर कानूनसम्मत कार्यवाही करें। समाज में बढ़ती सोशल मीडिया की भूमिका को ध्यान में रखते हुए हमें प्रदर्शन व रैली के दौरान सुरक्षा प्रबंधों के निष्पादन में हमेशा संयम व अनुशासन के दायरे में कर्तव्यपालन करना चाहिए। हमारा कोई भी एक गलत कदम पूरी पुलिस फोर्स की प्रतिष्ठा को दांव पर लगा सकता है और समाज में पुलिस की नकारात्मक छवि बना सकता है। हमें कानूनी पहलू के साथ–साथ जनभावना को भी समझना होगा और कानून के दायरे में रहकर जनता की हरसंभव मदद करनी होगी। यहां जनता से मेरा आशय अपराध करने वालों से नहीं बल्कि आम जनता से है। एक पुलिसकर्मी ही प्रतिकूल परिस्थितियों में भी पीड़ित को न्याय दिलाकर उसके चेहरे पर खुशी ला सकता है और आम जन तक पहुंच रखने वाली मीडिया से भी प्रशंसा पा सकता है। मीडिया एक बहुत ही प्रभावशाली माध्यम है जिससे हम अपने अच्छे कार्यों को आम जन तक पहुंचा सकते है और साझा कर सकते हैं। मीडिया समाज का आईना है यानि इस बात को दूसरे नजरिये से देखें तो हम मीडिया के जरिये अपनी अच्छी एवं सकारात्मक बातें जनता तक पहुँचा सकते हैं। मीडिया से हमारे शुचितापूर्ण संबंध व सही दृष्टिकोण, हमें जनता के बीच लोकप्रिय एवं विश्वसनीय बनाने का एक सशक्त माध्यम बिना किसी निवेश के बन सकता है।

पुलिस मुख्यालय में अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक आयोजित हुई



26 जून, 2019 को **विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) श्री सतीश गोलचा** की अध्यक्षता में अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक सम्पन्न हुई। आगामी त्यौहारों एवं स्वतंत्रता दिवस के सुरक्षा प्रबंधों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और ज्यादा चाक–चौबंद बनाए जाने की दृष्टि से आयोजित बैठक में दिल्ली पुलिस एवं एनसीआर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में परस्पर सहयोग बढ़ाने, खुफिया सूचनाओं के आदान–प्रदान करने पर जोर देने, अवैध हथियारों, घरेलू नौकरों, किरायेदारों के सत्यापन पर विशेष जोर दिया गया। बैठक के अंत में विशेष पुलिस आयुक्त श्री सतीश गोलचा ने बैठक में शामिल सभी अधिकारियों को धन्यवाद देते हुए बैठक के दौरान विभिन्न बिंदूओं पर हुई परिचर्चा पर गंभीरता से अमल करने का आग्रह भी किया।

बोर्ड की 10वीं व 12वीं कक्षाओं में शानदार अंक प्राप्त करने वाले हमारे सभी नौनिहालों को पुलिस परिवार की तरफ से उनके उज्जवल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ



रिया नेगी
सुपुत्री हेडकां. मोहन सिंह
(रेलवे)
कक्षा 12 वीं 96 प्रतिशत



उत्कृष्ट थपलियाल
सुपुत्र एएसआई अशोक कुमार
(स्पेशल सेल)
कक्षा 12वीं 96 प्रतिशत



योगेश
सुपुत्र एएसआई विरेन्द्र कुमार
(पुलिस मुख्यालय)
कक्षा 12वीं 94 प्रतिशत



विशाल यादव
सुपुत्र हेड कां. राजेन्द्र कुमार
(पुलिस मुख्यालय)
कक्षा 12 वीं 93 प्रतिशत



डीना विल्सन
सुपुत्री एएसआई विल्सन डी. क्रूज
(पुलिस मुख्यालय)
कक्षा 12 वीं 92 प्रतिशत



मोक्ष वशिष्ठा
सुपुत्र एसआई अंजना वशिष्ठा
(सीआरओ)
कक्षा 12वीं 92 प्रतिशत



अतिबा शाह
सुपुत्री हेडकां० दिलशाद अहमद
(सीआरओ)
कक्षा 12 वीं 91 प्रतिशत



जतिन मलिक
सुपुत्र एसआई अनिल मलिक
(पुलिस मुख्यालय)
कक्षा 12 वीं 91 प्रतिशत



अंकुश सांगवान
सुपुत्री हेडकां. सुभाष
(बाहरी जिला)
कक्षा 10 वीं 98 प्रतिशत



अभिशेख गौतम
सुपुत्र एसआई गिरीश कुमार
(12 वाहिनी)
कक्षा 10वीं 98 प्रतिशत



पुण्य अग्रवाल
सुपुत्री एसआई संजय गुप्ता
(पीसीआर)
कक्षा 10 वीं 96 प्रतिशत



श्रेया रावत
सुपुत्री इंस्पेक्टर समीर रावत
(विशेष शाखा)
कक्षा 10 वीं 96 प्रतिशत



अमिया अंटोनी
सुपुत्री हेडकां० साबू.पी.जी.
(पुलिस मुख्यालय)
कक्षा 10वीं 94 प्रतिशत



मानवी गोला
सुपुत्री हेडकां० राकेश कुमार
(मध्य जिला)
कक्षा 10 वीं 93 प्रतिशत



इलमा शाह
सुपुत्री हेडकां० दिलशाद अहमद
(सीआरओ)
कक्षा 10 वीं 92 प्रतिशत



तरूण कुमार
सुपुत्र हेडकां० संजीव कुमार
(पुलिस मुख्यालय)
कक्षा 10 वीं 92 प्रतिशत

शुभकामनाएँ

माह मार्च व अप्रैल, 2019 के दौरान दिल्ली पुलिस की विभिन्न जिला/ईकाईयों से 217 पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त हुए हैं। इनमें से 13 पुलिसकर्मियों ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली है। दिल्ली पुलिस परिवार सेवानिवृत्त हुए सभी पुलिसकर्मियों के अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करता है।

मार्च माह में सेवानिवृत्त होने वाले 114 पुलिसकर्मियों में शामिल हैं:– इंस्पेक्टर तिलक राज, एसआई ओमप्रकाश तथा एएसआई महेश कुमार (पुलिस मुख्यालय), एसआई उदय सिंह, एसआई नरेश कुमार, एसआई इन्द्र प्रकाश तथा एएसआई राजेन्द्र कुमार (स्पेशल सेल), एसआई भोला राम (द्वितीय वाहिनी), एसआई सुभाष चन्दर (राष्ट्रपति भवन), एसआई हरेन्द्र सिंह, एएसआई सुमेर सिंह व एमटीएस श्यामलाल (रोहिणी जिला), एएसआई दया प्रसाद (पूर्वी जिला), एसआई राम मेहर सिंह (पाँचवी वाहिनी), इंस्पेक्टर नरेन्द्र सिंह, इंस्पेक्टर धन सिंह सांगवान व हेडकां॰ कमल कुमार यादव (अपराध शाखा), एएसआई जगदेव सिंह (शाहदरा जिला), एसआई हरेन्द्र सिंह, एएसआई रमेश चन्द्र, एएसआई हंसराज व एएसआई वेद प्रकाश (बाहरी जिला), इंस्पेक्टर एलक्जेंडर मींज, एसआई हरनाम बेग व एसआई हरेन्द्र सिंह (यातायात), एएसआई सन्नी वी.ए व हेडकां॰ राकेश कुमार (प्रथम वाहिनी), एसआई राम प्रकाश (एफ.आर.आर.ओ.), एसआई रमेश चन्द्र, एसआई जगदीश सिंह, एसआई अजीत सिंह, एसआई रामकुमार, एसआई रणबीर सिंह, एएसआई रामफल, एएसआई हरकेश मीणा, एएसआई सुखविन्द्र सिंह व एएसआई रमेश कुमार (पीसीआर), इंस्पेक्टर कृष्ण लाल, एसआई समेसिंह (नई दिल्ली जिला), हेडकां॰ पूरणमल (उत्तर–पश्चिमी जिला), एसआई भगत सिंह, एएसआई सत्यवीर सिंह व हेडकां॰ जगत सिंह (दक्षिण–पूर्वी जिला), एएसआई धर्मबीर सिंह, एएसआई प्रताप सिंह व एमटीएस भाग सिंह (मध्य जिला), महिला एसआई मगरिता कूल्लु, एसआई सुरेश कुमार व हेडकां॰ इन्दर सिंह (दक्षिणी जिला), इंस्पेक्टर मंजीत कुमार शर्मा, एसआई जगबीर सिंह, एसआई सत्यप्रकाश शर्मा, एसआई सहर्शपाल सिंह, एसआई रामअवतार व एएसआई राजबीर सिंह (संचार शाखा), इंस्पेक्टर मोहिन्दर सिंह, एएसआई सुरेश कुमार, हेडकां॰ ओमप्रकाश व एमटीएस रामधन (पीटीसी), महिला इंस्पेक्टर ब्रिगिट लाकड़ा, एएसआई स्वर्ण सिंह, एएसआई सत्यपाल सिंह व एमटीएस चन्दर राम (पश्चिमी जिला), एसआई जगबीर सिंह, एसआई बलदेव राज, एसआई सतीश कुमार, एएसआई विद्यानंद, एसआई उमेद सिंह, एएसआई राजेन्द्र लाल, एएसआई राज सलविन्दर सिंह, एएसआई नवल सिंह, हेडकां॰ तस्वीर सिंह, एएसआई रघुबीर सिंह तथा एएसआई योगेन्द्र सिंह (सुरक्षा), एएसआई बलजीत सिंह, हेडकां॰ गिरीराज सिंह व एमटीएस छतर सिंह (पीएंडएल), एएसआई बशीर ए.एम. (उतरी जिला), इंस्पेक्टर देशराज व एसआई ओमप्रकाश (छठी वाहिनी), एसआई सुरेन्द्र सिंह, एएसआई नंद किशोर शर्मा व एएसआई राजेन्द्र सिंह (स्पेशल ब्रांच) तथा एएसआई फतेह सिंह व एमटीएस जगवती (उत्तर–पूर्वी जिला)।

अप्रैल माह में सेवानिवृत्त होने वाले 93 पुलिसकर्मियों में शामिल हैं:– इंस्पेक्टर अनिल कुमार, इंस्पेक्टर बिशम्बर सिंह, इंस्पेक्टर मनु शर्मा व एमटीएस टेकचन्द (पुलिस मुख्यालय), एएसआई राजपाल सिंह, एसआई महेन्द्र सिंह व एसआई बीरपाल सिंह (यातायात), एसआई नारायण सिंह, एसआई सुरेन्द्र सिंह व एसआई भूप सिंह, (आईजीआई), एसआई करनैल सिंह (राष्ट्रपति भवन), एसआई हरीप्रकाश व एसआई जोगेन्द्र सिंह (बाहरी जिला), एसआई रमेश चंद, एसआई जयभगवान शर्मा व हेडकां॰ चन्दरपाल शर्मा (रोहिणी), इंस्पेक्टर राम नरेश, एसआई प्रदीप कुमार, एसआई धर्मबीर, एसआई राजेन्द्र कुमार, एसआई महेश कुमार, एएसआई योगेन्द्र सिंह (स्पेशल सेल), एएसआई सुरेन्द्र सिंह रावत व एएसआई हरजिन्दर सिंह (दक्षिणी जिला), इंस्पेक्टर रवीन्द्र कुमार, एसआई फूल सिंह व एमटीएस सुशीला देवी (प्रथम वाहिनी), एसआई बलजीत सिंह व एसआई जयपाल सिंह (सातवीं वाहिनी), एमटीएस कृष्णपाल (चतुर्थ वाहिनी), एसआई रतन सिंह व एसआई सुभाश चंद शर्मा (उत्तर–पश्चिमी जिला), एसआई खजान सिंह, एसआई करतार सिंह, एसआई मदन मोहन, एसआई रामनिवास, एसआई रमेश कुमार, एसआई हिम्मत सिंह, एसआई सुरेश चंद्र, एएसआई रणजीत सिंह, एएसआई रिछपाल सिंह, एएसआई रामअवतार, एएसआई प्रकाश मैसी, एएसआई श्याम सिंह, एएसआई श्री कृष्ण, एएसआई सतनाम सिंह, एएसआई महेन्द्र कुमार, एएसआई हरद्वारी लाल व एएसआई ओमप्रकाश (पीसीआर), इंस्पेक्टर महेन्द्र सिंह, महिला इंस्पेक्टर नीरू अग्रवाल, एसआई सुनील कुमार बब्बर, महिला एसआई श्रीशमा जिम्मी, एसआई जोगेन्द्र सिंह (संचार शाखा), एसआई देवेन्द्र सिंह (रेलवे), एसआई लेखराम, एसआई मोहिन्द्र सिंह, एसआई घासी राम (दक्षिणी–पश्चिमी जिला), एसआई सुरेन्द्र सिंह, एएसआई नंद किशोर शर्मा, एएसआई राजेन्द्र सिंह, एसआई रणधीर सिंह, एसआई सरदुल सिंह, एएसआई राजेन्द्र कुमार (विशेष शाखा), एसआई राम कुमार (पश्चिमी जिला), एसआई जगदीश सिंह (पूर्वी जिला), एसआई सुखविन्द्र सिंह (एसपीयूडब्लूएसी), हेडकां॰ राजपाल सिंह (लाईसेंसिंग शाखा), इंस्पेक्टर तारीफ सिंह गहलोत, इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार कैदान, एसआई अशोक कुमार, एसआई शीषपाल सिंह, एसआई सेवा सिंह, एसआई सुरेश चन्दर, एसआई ओमप्रकाश, एएसआई प्रेमसिंह, एएसआई रामअयोध्या (पीटीसी), इंस्पेक्टर मनोहर सिंह, इंस्पेक्टर बंशी लाल, एसआई बलवान सिंह, एसआई जगबीर सिंह, एएसआई सुनील कुमार, एसआई नर सिंह, एसआई धर्मबीर सिंह, एसआई सतपाल, एसआई बलजीत सिंह, एसआई रमेश कुमार, एसआई सुरेश कुमार, एसआई नरेन्द्र सिंह, एसआई बिल्ले सिंह, एएसआई तिलक राज, एएसआई चन्दरपाल सिंह, एएसआई कृष्ण कुमार, हेडकां॰ दिलबाग सिंह, एमटीएस ओमप्रकाश व एमटीएस धर्मपाल (सुरक्षा), एएसआई फतेह सिंह व एमटीएस जगवती (उत्तर–पूर्वी जिला), हेडकां॰ गंगास्वरूप (छठी वाहिनी), एएसआई सुमेर सिंह, एएसआई राजकुमार, हेडकां॰ कृष्णदत्त, एसआई मदन लाल (द्वारका जिला), एसआई राजबीर सिंह, एसआई प्रीतपाल सिंह, एसआई विजय करण, एसआई रामबीर सिंह, एएसआई इलियास खान व एमटीएस कृष्णा देवी (मध्य जिला) तथा एसआई सतीश कुमार, एसआई जगदेव सिंह व हेडकां॰ सत्यवीर सिंह (पीएंडएल)।

श्रद्धांजलि

माह अप्रैल व मई, 2019 के दौरान दिल्ली पुलिस की विभिन्न जिला/इकाईयों में तैनात 29 पुलिसकर्मियों की सेवाकाल के दौरान भिन्न–भिन्न कारणों से मृत्यु हो गई। असमय बिछुड़ गए अपने इन साथियों को दिल्ली पुलिस परिवार अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है और उनके शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करता है।

अप्रैल माह में दिवंगत 15 पुलिसकर्मियों में शामिल हैं:– एएसआई रमेश कुमार व एएसआई संजय कुमार (रोहिणी जिला), महिला एसआई अनिता शर्मा, एसआई ईश्वर सिंह व एएसआई सुशील कुमार (पीसीआर), हेडकां॰ सत्यवीर सिंह (बाहरी जिला), हेडकां॰ ब्रिजपाल सिंह (पीटीएस), एएसआई अजय कुमार (संचार शाखा), एएसआई रामकुमार (दक्षिण–पूर्वी जिला), महिला एसआई कमलेश धवन (उत्तर–पश्चिमी जिला), हेडकां॰ कप्तान सिंह (प्रथम वाहिनी), हेडकां॰ सुरेन्द्र सिंह (पूर्वी जिला), एएसआई धर्मराज (पीटीसी), एएसआई सोधन सिंह (उत्तर–पूर्वी जिला) तथा हेडकां॰ मुकेश कुमार (नई दिल्ली जिला)।

मई माह में दिवंगत 14 पुलिसकर्मियों में शामिल है:– एसआई संजय कुमार, एएसआई अजीत सिंह व हेडकां॰ हरबीर सिंह (पीसीआर), एसआई बाबू लाल व एएसआई हरेन्द्र सिंह (ट्रैफिक), एएसआई सुरेशचंद (सुरक्षा), हेडकां॰ सतीश कुमार (पश्चिमी जिला), एसआई राजकुमार व एसआई सतबीर सिंह (संचार शाखा), हेडकां॰ नरेन्द्र सिंह व कां॰ महेश कुमार (नई दिल्ली जिला) एमटीएस प्रेमचंद (रोहिणी), एएसआई गजेन्द्र कुमार व ज्ञानेन्द्र कुमार (उत्तर–पूर्वी जिला)।

31 मई व 30 जून, 2019 को सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारीगण



1987 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी श्री पी.के.भारद्वाज 30 जून, 2019 को विशेष पुलिस आयुक्त, (प्रशिक्षण) (डीजी रैंक) के पद से सेवानिवृत्त हुए। दिल्ली पुलिस की विभिन्न जिला/ईकाइयों में बेहतरीन सेवाएँ देने के बाद श्री भारद्वाज लगभग 19 वर्ष प्रतिनियुक्ति पर आई.बी. में सेवारत रहे। इसी वर्ष अतिरिक्त निदेशक (आई.बी.) के पद पर सेवारत रहते हुए प्रतिनियुक्ति से वापिस दिल्ली पुलिस में विशेष पुलिस आयुक्त (प्रशिक्षण) के पद पर तैनात हुए। 28 जून, 2019 को पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक समारोह में पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने श्री भारद्वाज को पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए उनकी दीर्घायु और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इस मौके पर काफी संख्या में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे।

पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक
श्री पी.के. भारद्वाज को पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए


एसीपी श्री मेहर चंद (उत्तर पश्चिमी जिला)


एसीपी श्री अशोक कुमार त्यागी (पीसीआर)


एसीपी श्री धर्मपाल सिंह (द्वारका जिला)


एसीपी श्री विरेन्द्र सिंह (तृतीय वाहिनी)


एसीपी श्रीमती ओमवती (द्वारका जिला)


एसीपी श्री पलविंदर सिंह (दक्षिणी जिला)


एसीपी श्री हब्बू राम मीणा (पाँचवी वाहिनी)


एसीपी श्री राजसिंह (प्रथम वाहिनी)

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी इलाके में हो रही गश्त का नेतृत्व करें और अपने अधीनस्थों की हौसला अफजाई करें ताकि अधीनस्थों में जोश व ऊर्जा का संचार हो, जनता में सुरक्षा की भावना मजबूत हो और अपराधियों में खौफ पैदा हो।

श्री अमूल्य पटनायक, पुलिस आयुक्त दिल्ली

फोटो : रंजन जोसफ


सम्पादक

सम्पादक : श्री राजीव रंजन, उपायुक्त पुलिस (पुलिस आयुक्त के स्टाफ ऑफिसर)
सह-सम्पादक : निरीक्षक सतबीर सिंह, पुलिस मुख्यालय, नई दिल्ली।


सह-सम्पादक